an>

Title: Need to release funds for construction of Auditorium in Pratapgarh, Uttar Pradesh.

कुंवर हरिबंश सिंह (प्रतापगढ़)ः 23.01.2015 को मेरे द्वारा मंत्रालय में प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में ऑडोटोरियम निर्माण हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। पुनः यह संज्ञान लें कि जनपद मुख्यालय पर एक भी ऑडोटोरियम ऐसा नहीं हैं कि 1000 से 1500 व्यक्तियों को बैठाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम या सभा की जा सके, जबकि विकास भवन के पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है एवं जिलाधिकारी ने भी सहमति पत्र दिया है। पुनः इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मुझे अवगत कराया है कि उनके माध्यम से एक प्राक्कलन तैयार कर उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित भी किया जा चुका है। जनहित में ऑडोटोरियम की आवश्यकता को प्राथमिकता प्रदान कर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धन अवमुक्त कराने का कष्ट करें।